हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 जून, 2025

11 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर फतेहाबाद में निकाली गई...



12 वीजा दिलाने के नाम पर करता था ठगी, गिरफ्तार



**खबर संक्षेप**

### डीएपी व यूरिया खाद की कमी को लेकर किसान परेशानः सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में डीएपी और यूरिया खाद की कई से कई जिलों में किसान परेशान है, खाद की कमी से फसलों की बिजाई प्रभावित हो रही है। सांसद ने सरकार से मांग की है कि त्वरित हस्तक्षेप कर डीएपी और यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करे। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा दिया जाए ताकि किसानों को फसल का उचित मूल्य सुनिश्चित हो सके और वे बिचौलियों के शोषण से मुक्त हो सके।

### डीएपी व यूरिया की काला बाजारी की हो जांचः लखविंद्र

**सिरसा।** भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने गांव मीठड़ी में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने कृषि उपनिदेशक सिरसा को डीएपी, यूरिया खाद में हो रही कालाबाजारी व टैगिंग रोकने के लिए पत्र लिखा है। लखविंद्र ने कहा कि इफको यूरिया का सिरसा में रैक लगना है, जिसकी सप्लाई ज्यादातर इफको सेंट्रो, सीएमएस सेंट्रो, ग्रामीण कोऑपरेटिव सोसायटियों में दी जाएगी। इन बिक्री केंद्रों से लगातार किसानों की शिकायतें आ रही है कि उन्हें डीएपी व यूरिया के साथ जबरन चाय पत्ती, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी व सागरिका इत्यादि उत्पाद दिए जा रहे हैं। कहा कि सरकार व कृषि विभाग को ठेंगा दिखाकर यह लोग सरेआम किसानों के साथ धोखाधड़ी व लूट कर रहे हैं ।

## चिल्ली के मुहाने गंदगी से अटे, कैसे होगी बरसाती पानी की निकासी

# अनदेखीः मानसून का सीजन सिर पर शहर में सीवरेज मेनहोल उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

मानसून का सीजन सिर पर है और शहर में मेन होल भरे पड़े है। पानी निकासी के नाले उफान पर है। शहर के पानी निकासी का एकमात्र साधन चिल्ली के मुहाने पर गंदगी के ढेर लगे है लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग को अब तक सीवरेज मेनहोल सफाई की याद नहीं आई है। एक बार तो विभाग ने आसपास से मशीन मंगवाकर मेनहोलों की सफाई शुरू की थी लेकिन अब यह काम ठप्प पड़ा है। प्री मानसून की बारिश आज ही आने की संभावना है, ऐसे में बरसाती नालों की सफाई कैसे होगी, यह एक बड़ा सवाल है। बड़ी बात यह है कि दो वर्ष पूर्व आई भयंकर बाढ़ जैसी आपदा से भी जनस्वास्थ्य विभाग ने कोई सबक नहीं सिखा। बड़े अधिकारी है कि मीटिंग करके मीडिया को प्रेस नोट जारी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे हैं। खुदा न करे समय से पहले मानसूनी बरसात आई तो शहर का जवाहर चौक, तुलसी दास चौक सहित अनेक निचली कालोनियों डूबेंगी, यह अटल सत्य है। इस बार शहर के थाना रोड, जवाहर चौक, डीएसपी रोड, 4 मरला कालोनी, धर्मशाला रोड में सीवरेज मेनहोल सफाई नहीं हुई है। इसके अलावा शहर की गलियों में भी सीवरेज मेनहाल ऊपर तक अटे पड़े हैं। विभाग जितने भी दावे कर लें लेकिन यह मानसून तक साफ नहीं हो सकते। हालांकि सीवरेज की ब्लॉकेज को खोलने के लिए विभाग ने कुछ समय पूर्व सिरसा से सुपर सकर मशीन मंगवाई थी जोकि कुछ मिनटों में ही सीवरेज की ब्लॉकेज को खोल सकती है। यह मशीन सीवरेज में फंसे पत्थर, कंकर आदि को पलभर में ही बाहर निकाल देती है, क्योंकि कई बार सीवरेज में ईंट, पत्थर, पॉलीथिन व अन्य चीजें बुरी तरह से फंस जाती है। जिसे आम मशीन से नहीं निकाला जाता है और किसी कर्मी को भी सीवरेज में उतारना साफ मना है। ऐसे में सुपर सकर मशीन काम आसान कर देती है लेकिन फतेहाबाद में विभाग के पास अभी यह मशीन नहीं है। पिछले साल भी विभाग ने सिरसा से मशीन को मंगवाकर सीवरेज लाइनों की सफाई करवाई थी।









**फतेहाबाद।** शहर में गंदगी से अटे नाले व शहर में टूटे पड़े सीवरेज मेनहाल। *फोटो: हरिभूमि*

### बिजली गई तो भी चलेगी डिस्पोजल की मोटर

शहर के तुलसीदास चौक व जवाहर चौक के चिल्ली पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए डिस्पोजल टैंक बनाया हुआ है जिसमें तुलसीदास में निकासी के लिए दो मीटर तो चिल्ली पर तीन मोटर लगाई है। अगर बारिश के दौरान बिजली चली जाती है तो भी मोटर चलेगी क्योंकि दोनों जगहों पर जनरेटर की व्यवस्था की गई है जो आपात स्थिति में प्रयोग किए जाएंगे। बता दे कि इन दोनों इलाकों में बारिश के बाद काफी ज्यादा बारिश का भर जाता है। विभाग का दावा है कि इस बार निकासी जल्द से जल्द करवाने के लिए विभाग की टीमें पूरी तरह से तैयार है।

### विभाग खुद की सुपर सकर मशीन खरीदेंः प्रधान

नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची का कहना है कि शहर काफी बढ़ चुका है और जबकि यहां पर सीवरेज पाइप लाइनों की सफाई के लिए खुद की मशीन नहीं है। सीवरेज ब्लॉक होने पर सिरसा से मशीन मंगवाई जाती है, इसलिए जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के लिए स्थाई रूप से मशीन उपलब्ध करवाएं ताकि सीवर पाइप लाइनों की समय पर सफाई हो सकें।

### विभाग ने सिरसा से मंगवाई थी सुपर सकर मशीन

बता दें कि सुपर सकर मशीन फतेहाबाद-सिरसा सर्कल में एक ही है जो फिलहाल सिरसा में चल रही है। कुछ दिनों पहले जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानसून को लेकर बैठक हुई थी जिसमें जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के अधिकारियों ने फतेहाबाद शहर में सीवरेज ब्लॉकेज व निकासी की समस्या का पुख्ता प्रबंध करने के लिए सुपर सकर मशीन की मांग थी। इस पर एसई ने सिरसा जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आदेश देते हुए सुपर सकर मशीन को फतेहाबाद भेजने के निर्देश दिए। जिसके बाद मशीन में फतेहाबाद पहुंच गई थी लेकिन अभी भी शहर के अधिकतर सीवरेज मेनहाल गंदगी से अटे पड़े हैं।

### शहर में सीवरेज सफाई के लिए बनाई कई टीमें

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के वार्डों में सीवरेज की सफाई के लिए कई टीमें लगा रखी हैं। हर टीम में 3-3 कर्मी लगाए हुए है। जहां निकासी व ब्लॉकेज की समस्या रहती है, वहां उपकरणों के माध्यम से सीवरेज को खोला जाता है। मानसून से पूर्व पूरे शहर के सीवरेज साफ करने अधिकारियों ने कर्मियों को आदेश दिए है।

# सटोरियों के चंगुल में फंसे युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद



- 0सूचना पर पुलिस कार्ववाई में जुटी है

मृतक युवक यश नागपाल।

सटोरियो के चंगुल में फंसकर आर्थिक तंगी से जूझ रहे फतेहाबाद के रामनिवास मोहल्ला के एक नौजवान ने रात को घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक की पहचान 28 वर्षीय यश कुमार नागपाल के रूप में हुई है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भेज दिया है। युवक द्वारा आत्महत्या करने के बाद उसके परिजन शहर थाने में गए जहां डीएसपी जयपाल ने परिजनों से बातचीत की। इसके बाद परिजन पुलिस अधीक्षक से भी मिले। बताया जाता है कि मृतक युवक की बहन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार रामनिवास मोहल्ला निवासी यश नागपाल शहर की 4 मरला कालोनी स्थित एक गारमेंट्स के शोरूम पर नौकरी करता था।



**सिरसा।** नगर परिषद के भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना देते लोग। *फोटो: हरिभूमि*

## भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी

**सिरसा।** शिवपुरी के निर्माण में धांधली के आरोपों को लेकर धरने पर बैठे पूर्व नगर पार्षद सुशील सैनी ने प्रशासन को चेतावनी दी कि भ्रष्टाचारी अधिकारियों के खिलाफ अगर कार्रवाई न हुई तो वे भूख हड़ताल से भी नहीं चूकेंगे। नगरपरिषद अधिकारियों द्वारा सिरसा के नारियल फोड़ नेता से मिलीभगत करके शिवपुरी के निर्माण के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि डकारे जाने के खिलाफ पूर्व नगर पार्षद सुशील सैनी का शिवपुरी में अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना आज चौथे दिन भी जारी रहा। सुशील सैनी ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी लीपापोती करने का प्रयास कर रहे हैं और नारियल फोड़ नेता निर्माण सामग्री भेजकर काम पूरा करवाने की कवायद में जुट गया है। चार साल से उन्होंने शिवपुरी को खंडहर बना दिया था। पहले लोग यहां घूमने आते थे लेकिन अब बैठने तक की भी जगह नहीं है। श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया और खैरपुर शिवपुरी के प्रधान अमीर चावला चौथे दिन भी सुशील सैनी के समर्थन में धरने पर पहुंचे। पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने नारियल फोड़ नेता पर नगरपरिषद व शहर के गणमान्य लोगों के सहयोग की राशि से शिवपुरी के निर्माण कार्य करवाने में घोटाला करने का गंभीर आरोप लगाया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 23 जून से शुरू

- सार्वजनिक स्थानों के अलावा 50 घरों का भी निरीक्षण करेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि जिला में स्वच्छता सर्वेक्षण 23 जून से शुरू होगा। केंद्रीय जल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से टीम गांवों का निरीक्षण करेगी और ग्रामीणों से फीडबैक भी लेगी।

इसी टीम के सर्वेक्षण के आधार पर स्वच्छता को लेकर रैंकिंग तैयार होगी। इसलिए सभी पंचायतें अपने स्तर पर साफ सफाई व कचरा प्रबंधन को लेकर नियमित रूप से काम करें। इस कार्य में सफाई कर्मचारियों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने शुक्रवार को पंचायत भवन में जिलेभर के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को संबोधित कर रहेथे। एक दिन पहले ही विभाग ने ग्राम सचिवों की भी बैठक आयोजित की ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की फीडबैक में किसी प्रकार की कमी न आए। सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डा. सुभाष चंद्र ने कहा कि सर्वेक्षण से पूर्व खंड स्तर पर बीडीपीओ तथा ग्राम स्तर पर ग्राम सचिव को इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में कुल एक हजार अंक होंगे, जिनमें से 540 अंक ग्राम स्तर पर टीम द्वारा किए जा रहे निरीक्षण पर आधारित होंगे। प्रत्येक गांव में टीम 50 घरों का निरीक्षण करेगी, गांव की सफाई, कचरा प्रबंधन को विशेष रूप से जांचा जाएगा। सामुदायिक शौचालयों की स्थिति, स्कूल, सामुदायिक केंद्र, आंगनबाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी टीम द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

### मारपीट में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने मारपीट के एक गंभीर मामले में एक आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनदीप सिंह पुत्र काला राम, निवासी गांव जमालपुर शेखा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि 11 जनवरी को गांव जमालपुर शेखा निवासी सुरेन्द्र कौर ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, संपत्ति विवाद के चलते 17 जनवरी को संदीप, मंदीप, जगसीर, जसप्रीत, संतोष, गुरदेव सहित करीब 8-10 अज्ञात ने उनके घर पर लाठी-डंडों से हमला किया था।

### नशीली गोलियों के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** नशा मुक्ति अभियान के तहत रतिया पुलिस ने नशीली गोलियों के एक मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान दर्शन सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी तलबवाला, जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पुलिस पहले ही गुरप्रीत सिंह उर्फ काला सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गुरप्रीत सिंह उर्फ काला सिंह, पुत्र बलविंद्र सिंह, निवासी गांव लाली, इस समय मिनी बाईपास, वार्ड नंबर 1, रतिया के पास नशीली गोलियों की बिक्री कर रहा है।

# सरकारी नौकरी मिलने पर जश्न

- सीडीएलयू के तीन विद्यार्थियों का सरकारी सेवा में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय का प्राणी विज्ञान विभाग विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवीन शोध अवसर और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विभाग के तीन विद्यार्थी उदित, प्रवीण, चारु का हाल ही में सरकारी सेवा में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर के रूप में चयन इस बात का प्रमाण है कि यहां दी जाने वाली शिक्षा व्यावसायिक स्तर पर भी सार्थक सिद्ध हो रही है। प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर जोगिंदर सिंह दुहन ने कहा कि विभाग का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर छात्रों को अग्रसर करना है, बल्कि उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार करना भी है।

### विद्यार्थियों को दी जातीं है रोजगारपरक जानकारियां

विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ हरकृष्ण ने कहा कि विभाग का मिशन विद्यार्थियों को शोध उन्मुख ज्ञान प्रदान करना है, जिसके लिए सेमिनार, कार्यशालाएं, और सम्मेलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। छात्रों को भारतीय विज्ञान संस्थानों, डेयरी उद्योग, मत्स्य पालन, पोल्ट्री फार्म्स, चिड़याघिरों आदि का भ्रमण करवाया जाता है ताकि वे जीवों के व्यवहार, निवास स्थान एवं जैव विविधता को नजदीक से समझ सकें। विभाग इनसीटू संरक्षण (प्राकृतिक आवास में जीवों का संरक्षण) के प्रति जागरूकता फैलाने और जैविक संगठन के विभिन्न स्तरों पर शिक्षण एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने हेतु सतत प्रयासरत है। वर्तमान समय में विज्ञान एवं जीवविज्ञान का जन-जीवन से गहरा संबंध है, इसीलिए विभाग अपनी शिक्षण प्रणाली और सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से बायोलॉजिकल लिटरेसी को भी बढ़ावा दे रहा है।

## मानसून का इंतजार, 25 तक छाए रहेगे बादल

# आज से प्री मानसून की होंगी बौछारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

आज से प्रदेश के कई जिलों में प्री मानसून की बौछारे आने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कुछ दिन पूर्व ही बता दिया था कि इस बार मानसून समय से एक सप्ताह पहले दस्तक दे सकता है। इस बीच हिसार एचएयू के मौसम विभाग ने शनिवार अलसुबह से प्रदेश के कई जिलों में प्री मानसून बरसात की संभावना जताई है। इससे पूर्व पिछले सप्ताह शाम को आंधी और हवाएं चली तो दिन में तेज धूप व नमी से लोग पसीने से तर-बतर दिखाई दिए। अब लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद बंधी हैं। फतेहाबाद में इस समय डेढ लाख हैक्टेयर भूमि पर धान की रोपाई की गई है।



**फतेहाबाद।** गांव अहलीसदर में मशीन द्वारा की गई धान की सीधी बिजाई।

### तापमान में गिरावट से गर्मी से मिलेगी राहत

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि प्रदेश में आमतौर पर 25 जून तक मौसम में बदलाव रहने की संभावना है। अगले एक सप्ताह के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के उत्तर भारत की और तेजी से बढ़ सकता। इसके कारण हरियाणा में भी बारिश की गतिविधियां बढने की संभावना बन रही है। इससे हवाओं में बदलाव और प्री मानसूनी हवाओं के कारण आज रात से मौसम में फिर से बदलाव होगा। 21 जून और 22 जून को कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। 23 जून से 25 जून के दौरान हवाओं और गरज चमक के साथ राज्य में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर तेज बारिश की भी संभावना बन रही है। इस दौरान दिन के तापमान में गिरावट रहने और वातावरण में नमी की मात्रा अधिक रहने की संभावना है।




पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।


धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो, पृथ्वी पर दिन महज छह घंटे के लिए होगा।

# सीसीसी कोर्स करने के मिलते हैं अनेक फायदे



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट )। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन



आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा , यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रैशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नजर आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

---

बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास सभी क्षेत्रों में इसकी जरूरत

# एमबीए के बाद मिलते हैं कई अच्छी सैलरी वाली नौकरियों के अवसर, बनेगा करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

अगर आप नौकरी की सुरक्षा, करियर में उन्नति, बेहतर अवसर और कई अतिरिक्त भत्तों की तलाश में हैं तो एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास और आवास विभाग आदि कई अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। आरबीआई, एसबीआई, एनएमडीसी और अन्य जैसे शीर्ष संगठन भी विभिन्न पदों के लिए एमबीए करने वाले अनुभवी पेशेवरों को नियुक्त करते हैं। कई छात्र एमबीए के बाद सरकारी नौकरी करना चाहते हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि उनके लिए कौन सी नौकरियां उपलब्ध हैं। इस ब्लॉग में, हम आपको उन सबसे लोकप्रिय सरकारी नौकरियों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप एमबीए की डिग्री पूरी करने के बाद हासिल कर सकते हैं।

## सरकारी नौकरियों के लिए अवसर

**प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसर** : एमबीए के बाद केंद्र और राज्य सरकार दोनों के द्वारा कई प्रवेश स्तर की नौकरियां उपलब्ध हैं। इसके लिए किसी वर्क एक्सपीरियंस की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन प्रवेश स्तर के पदों के लिए वेतन भी उच्च नहीं होता। अतः उम्मीदवार के लिए वेतन देखने के बजाय पहले नौकरी करना बेहतर है। एक बार जब वे कुछ अनुभव प्राप्त कर लेते हैं, तो वे बेहतर अवसरों की तलाश कर सकते हैं।



**भत्ते और लाभ** : सरकारी क्षेत्र के उम्मीदवारों को चिकित्सा और मातृत्व सेवाओं जैसे कई लाभ मिलते हैं। सरकारी क्षेत्र इस मामले में निजी क्षेत्र से कहीं बेहतर है।

**करियर विकास** : निजी क्षेत्र की तुलना में सरकारी क्षेत्र में करियर की ग्रोथ अच्छी है। निजी क्षेत्र में काम करने वाला कर्मचारी 15 साल के भीतर सुप्रीटेंडेंट या सीनियर क्लर्क बन सकता है जबकि सरकारी संगठन का कर्मचारी आगे प्रमोशन के द्वारा अन्य ऊंचे पदों पर जा सकता है।

**योग्यता पुरस्कृत** : सरकार उन उम्मीदवारों की तलाश में है, जिनके कौशल, जॉब प्रोफाइल और प्रोजेक्ट्स से मेल खाते हैं। कुछ सरकारी एजेंसियां भी हैं जो अब अपने प्रोजेक्ट्स के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। ऐसे में आप अपनी योग्यता के अनुसार अच्छे अवसरों की तलाश कर सकते हैं।

## नौकरियों की यहां कोई कमी नहीं



### मार्केटिंग ऑफिसर

मार्केटिंग ऑफिसर सभी बैंक या संबंधित आर्गेनाइजेशन उत्पादों के लिए स्ट्रेटजी बनाते हैं। एक मार्केटिंग ऑफिसर के कुछ प्रमुख कार्य प्रोडक्ट का प्रचार करना, सोशल मीडिया का मैनेजमेंट करना, एक विज्ञापन एजेंसी के साथ कोऑर्डिनेट करना और मार्केटिंग कैंपेन का मैनेजमेंट करना है। जिन उम्मीदवारों ने एमबीए मार्केटिंग, पीजीडीबीएम, या पीजीडीबीए में एमबीए पूरा कर लिया है, वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। मार्केटिंग ऑफिसर का वेतन 8 से 15 लाख रुपये प्रति वर्ष है।


### एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर

एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर का मुख्य कार्य कार्यक्रम को लागू करना, किसी विशेष कार्यक्रम में कर्मचारियों की गतिविधियों की जांच करना और कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों का मैनेजमेंट करना है। इस प्रोफाइल के लिए डिग्री में योग्यता के आधार पर किया जाता है। कुछ संगठन हैं जो चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर्स यूपीएससी, एसएससी परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के अंकों के आधार पर नियुक्त किए जाते हैं। इनका वार्षिक वेतन 8 से 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष है।

### बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए

बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए एक स्पेजलाइजेशन फिल्ड है जो छात्रों को विभिन्न एनालिटिकल टूल्स (सांख्यिकीय और मात्रात्मक विश्लेषण, व्याख्यात्मक और प्रीडिक्टिव मॉडलिंग, डेटा विजुअलाइजेशन, आदि) का उपयोग करने के तरीके सीखाता है ताकि कई स्रोतों से डेटा एकत्र किया जा सके। ताकि कस्टमर बिहेवियर, मार्केट ट्रेंड और बिजनेस इंटेलिजेंस से संबंधित अन्य मामले में इसका उपयोग कर विश्लेषण किया जा सके। व्यापार में एनालिटिक्स के बढ़ते महत्व के कारण भारत में बिजनेस एनालिटिक्स पेशेवरों का औसत वेतन 11 लाख प्रति वर्ष जबकि फ्रेशर्स लगभग 5 - 8 लाख प्रति वर्ष, अनुभवी पेशेवर 10 - 18 लाख प्रति वर्ष और शीर्ष स्तर के लोग 30 - 55 लाख सालाना तक वेतन पा सकते हैं।

## एमबीए के बाद टॉप सरकारी नौकरियां



**कई एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं जहां आप आवेदन कर सकते हैं नीचे एमबीए के बाद कुछ प्रमुख सरकारी नौकरियां दी गई हैं।**

**सीईओ** : एक सीईओ, किसी आर्गेनाइजेशन की रीढ़ की हड्डी समान होता है। सीईओ संबंधित आर्गेनाइजेशन प्रोडक्ट्स, ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरहोल्डर्स और कम्पनी के गोल्स के बारे में निर्णय लेता हैं। एक सीईओ बनने के लिए, आपके पास अकाउंटिंग, मैनेजमेंट या अकाउंटेंसी में डिग्री या प्रोफेशनल क्रेडेंशियल होना चाहिए। सीईओ बनने के लिए सालों के एक्सपीरियंस और हार्ड वर्क की आवश्यकता होती है। भारत में एक सीईओ का वेतन 30 से 34 लाख रुपए सालाना है।

**पर्सनल ऑफिसर** : बैंकों को अपनी ह्यूमन रिसोर्स एक्टिविटीज को संभालने के लिए एक पर्सनल ऑफिसर की आवश्यकता होती है। बैंकों में इन ऑफिसर्स के कुछ प्रमुख कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करना, भत्तों को डिजाइन करना, कर्मचारियों की पोस्टिंग या स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति लाभ वितरण, प्रचार अभ्यास आयोजित करना और कर्मचारियों के प्रदर्शन की निगरानी करना है। उम्मीदवार राष्ट्रीय स्तर पर बैंक में कार्मिक अधिकारी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसबीआई की अपनी प्रवेश परीक्षा है जबकि बाकी बैंक उम्मीदवारों को उनके आईबीपीएस आरआरबी के आधार पर नियुक्त करते हैं। इनका अनुमानित वार्षिक वेतन 5 लाख से 15 लाख रुपए के बीच होता है।

**बैंक असिस्टेंट ऑफिसर** : बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के कुछ प्रमुख काम किसानों को ऋण सुविधाओं के बारे में सूचित करना, क्रेडिट प्रोफाइल की जांच और लोन रिपेमेंट नीतियों के कार्यान्वयन और प्रचार, और वार्षिक बैलेंस शीट बनाना आदि हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन देश भर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में असिस्टेंट मैनेजर्स की भर्ती के लिए आईबीपीएस आरआरबी ऑफिसर स्केल-1 परीक्षा आयोजित करता है। बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के रूप में आप सालाना 5 से 10 लाख रुपए कमा सकते हैं। यह एक प्रमुख एमबीए के बाद सरकारी नौकरी है।

**जनरल मैनेजर** : जनरल मैनेजर आर्गेनाइजेशन या कम्पनी के कॉस्ट एलिमेंट्स और रिवेन्यू का ध्यान रखता है। आईबीपीएस, नाबार्ड , आईडीबीआई कुछ प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं हैं। जिसके आधार पर सरकारी संगठनों में जनरल मैनेजर नियुक्त किए जाते हैं। इन परिक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए आपके पास एमबीए की डिग्री होनी आवश्यक है। एक जनरल मैनेजर का वार्षिक वेतन 10 से 15 लाख रुपए के बीच है।

**मैनेजर ट्रेनी** : उम्मीदवार मैनेजर ट्रेनी पद के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। एक मैनेजर ट्रेनी वह व्यक्ति होता है जिसे सुपरवाइजरी या मैनेजेरियलपदों पर ट्रेनिंग दी जाती है। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित होना चाहिए। कुछ सरकारी संगठन जो इस पद के लिए उम्मीदवारों को नियुक्त करते हैं, वे हैं फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मिश्र धातु निगम लिमिटेड, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। एक मैनेजर ट्रेनी का वेतन 15 से 30 हजार प्रति माह हो सकता है।

---

# नकारात्मकता के माहौल में सकारात्मक रहकर अपने जीवन को दें नई दिशा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का दौर सूचनाओं का युग है। हर दिन हमें समाचारों के माध्यम से शिक्षा, अपराध, पेशेवर जीवन, और युद्ध जैसी नकारात्मक खबरें सुनने को मिलती हैं। ये खबरें न केवल हमारे मन को उदास करती हैं, बल्कि कभी-कभी हमारे सपनों और उत्साह को भी कमजोर कर सकती हैं। लेकिन प्रिय छात्रों, यह समय हार मानने का नहीं, बल्कि सकारात्मकता की रोशनी फैलाने का है। आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। आइए, जानें कि नकारात्मकता के इस माहौल में सकारात्मक कैसे रहा जाए और अपने जीवन को एक नई दिशा दी जाए। समाचार हमें दुनिया की हकीकत से रूबरू कराते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरी दुनिया केवल नकारात्मकता से भरी है। हर नकारात्मक खबर के पीछे सकारात्मक बदलाव की संभावना छिपी होती है।

## शिक्षा में चुनौतियों को अवसर के रूप में देखें

उदाहरण के लिए, अगर आप शिक्षा में चुनौतियों की खबर सुनते हैं, तो इसे एक अवसर के रूप में देखें। आप एक ऐसी पढ़ाई या नवाचार ला सकते हैं जो शिक्षा को बेहतर बनाए। अपराध की खबरें आपको समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। सकारात्मक नजरिया अपनाएं और हर समस्या को एक चुनौती के रूप में देखें, जिसका समाधान आप बन सकते हैं।

**अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। नकारात्मक समाचार आपके ध्यान को भटका सकते हैं, लेकिन यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कलाकार बनना चाहते हों, अपने सपनों को जीवित रखें। हर दिन अपने लक्ष्य की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाएं। जब आप अपने उद्देश्य पर केंद्रित रहते हैं, तो नकारात्मकता आपके मन को कम प्रभावित करती है। अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराने के लिए और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए, अपने लक्ष्यों को कभी न भूलें।

**सकारात्मक लोगों के साथ समय बिताएं** : आपके आसपास के लोग आपके विचारों को बहुत प्रभावित करते हैं। ऐसे दोस्तों और शिक्षकों का साथ चुनें जो आपको प्रेरित करें और सकारात्मकता फैलाएं। अपने परिवार के साथ समय बिताएं और उनकी कहानियों से सीखें। आपके माता-पिता ने भी अपने समय में कई चुनौतियां देखीं। उनकी मेहनत और धम्य से आज आप यहां हैं। उनके अनुभव आपको नई प्रेरणा दे सकते हैं। साथ ही, प्रेरक किताबें पढ़ें और उन लोगों की कहानियां सुनें जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की। सकारात्मकता संक्रामक होती है, और यह आपके जीवन को नई ऊर्जा से भर देगी।

**छोटे-छोटे कार्यों से बदलाव की शुरुआत करें** : राष्ट्र का भविष्य आप जैसे युवाओं के हाथों में है। आपको लगता है कि युद्ध, अपराध, या सामाजिक समस्याएं बहुत बड़ी हैं, तो छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करें। अपने स्कूल में एक स्वच्छता अभियान चलाएं, अपने दोस्तों को शिक्षा का महत्व समझाएं, या अपने समुदाय में किसी जरूरतमंद की मदद करें। ये छोटे प्रयास न केवल आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे, बल्कि आपके माता-पिता और समाज के लिए गर्व का कारण बनेंगे।

## शारीरिक सेहत का ख्याल रखें

नकारात्मक खबरें आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए, अपनी सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। रोजाना ध्यान, योग, या व्यायाम करें। सुबह कुछ समय प्रकृति के साथ बिताएं। अच्छा खाना खाएं और पर्याप्त नींद लें। जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं, तो आपका मन भी सकारात्मक रहता है। साथ ही, अपने विचारों को कागज पर लिखें। यह आपके मन के बोझ को कम करता है और आपको नई दिशा देता है।

**माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा बनें** : आपके माता-पिता ने आपके लिए कई सपने देखे हैं। उनकी मेहनत और बलिदान को कभी न भूलें। जब आप सकारात्मक रहते हैं और अपने लक्ष्यों को हासिल करते हैं, तो आप न केवल उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी एक योगदान देते हैं। भारत जैसे देश में, जहां युवा शक्ति सबसे बड़ी ताकत है, आप एक सकारात्मक बदलाव का हिस्सा बन सकते हैं। आपकी मेहनत और सकारात्मकता न केवल आपके परिवार, बल्कि पूरे देश को प्रेरित कर सकती है।

**आभार व्यक्त करें** : नकारात्मकता के बीच, हम अक्सर उन चीजों को भूल जाते हैं जो हमारे पास हैं। हर दिन कुछ समय निकालकर उन चीजों के लिए आभार व्यक्त करें जो आपके जीवन में हैं—आपका परिवार, आपके शिक्षक, आपके दोस्त, और आपका देश। आभार का भाव आपके मन को शांति देता है और आपको सकारात्मक बनाए रखता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक I
(बी) राजराजा I
(सी) राजेन्द्र I
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज I
(बी) राजेन्द्र I
(सी) कुलोत्तुंग चोल I

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



### आप की बैठक में बताई पार्टी की नीतियां

**सिरसा।** आम आदमी पार्टी के सिरसा व फतेहाबाद प्रभारी रणबीर लोहान ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी जनहित व कल्याणकारी कार्यों को जारी रखे हुए है और अपने लक्ष्यों व उद्देश्यों की भली भांतिपूर्वक निवर्हन कर रही है। लोहान शुक्रवार को सिरसा में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब में वर्तमान समय में आप की नीतियों व योजनाओं से हर वर्ग का व्यक्ति सुखी और गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### जिले में मोटरसाइकिल चोर हो रहे सक्रिय

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग तीन स्थानों से चोर तीन मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में गांव खैरेकां निवासी संजय कुमार ने बताया कि 16 जून की रात्रि को चोर उसके घर के बरामदे से मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें घटना का पता चला। दूसरे मामले में गांव कोटली निवासी गुरमेज सिंह ने बताया कि वह मीटर रीडिंग का काम करता है।

### युवक अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी व्हीकल स्टाफ ने गश्त व चैकिंग के दौरान रानियां रोड गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस पार्टी गश्त व चैकिंग के दौरान रानियां रोड पर स्थित गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब के समीप मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी ने एक युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से अवैध पिस्तौल बरामद हुई।

### प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन चुकी है कांग्रेस : बबली

**टोहाना।** पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि कांग्रेस अब एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन चुकी है। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा संगठन निर्माण की पहल का स्वागत किया। पूर्व मंत्री शुक्रवार को टोहाना में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा ने संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डांगरा रोड स्थित किसान विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### गांव दौलतपुर में मंडल संकल्प सभा आयोजित

**फतेहाबाद।** पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में फतेहाबाद भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों में संकल्प से सिद्धि तक अभियान जारी है। इसी के तहत आज भिरड़ाना मंडल के गांव दौलतपुर की पंचायत घर में मंडल संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता चन्द्र बोस्ती रहे।

## तैयारियों को लेकर एमएम कॉलेज में पायलेट रिहर्सल का आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर फतेहाबाद में निकाली गई योग मैराथन, दिखा उत्साह

- जिला व खंड स्तर पर आज योग दिवस मनाया जाएगा
- योग में लोगों को अवश्य हिस्सा लेना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करते एडीसी अनुराग ढालिया। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन, आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय पंचायत भवन से एमएम कॉलेज तक योग मैराथन निकाली गई। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने इस योग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थितजन को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे निरोगी काया के लिए योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनायें। उन्होंने कहा कि जिला व खंड स्तर पर 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा, जिसमें लोगों को अवश्य हिस्सा लेना चाहिए।शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई योग मैराथन स्थानीय पंचायत भवन से होते हुए पुराना बस अड्डा, जीटी रोड, लाल बत्ती चौक, सिरसा रोड से होते हुए आयोजन स्थल एमएम कॉलेज के प्रांगण में पहुंची। योग मैराथन में जिला खेल विभाग के खिलाड़ी, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों सहित महिलाओं ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। करो योग रहो निरोग आदि के नारे लगाते हुए शहर फतेहाबाद में योग के प्रति जागरूकता की अलख जगाई गई। इस दौरान आयुष विभाग के योग सहायकों व योग विशेषज्ञों ने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे नियमित रूप से योग करें। स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनायें। यदि हम नियमित रूप से योगाभ्यास करेंगे तो खुद को बिमारियों से संरक्षित रख सकेंगे। योग को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष विभाग के अधिकारी, खेल विभाग के प्रशिक्षक, योग सहायक व योग विशेषज्ञ, खिलाड़ी तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

**!!!**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सुबह 7 बजे स्थानीय मनोहर मैमोरियल महाविद्यालय के प्रांगण में योग दिवस की पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया सहित अन्य अधिकारियों ने योग दिवस की पायलेट रिहर्सल में भाग लेकर योगाभ्यास किया और 21 जून को आयोजित किए जाने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। योग दिवस कार्यक्रम की पायलट रिर्हसल में योग विशेषज्ञा अंबिका पांटा, योग सहायक श्रवण, पवन, ज्योति आदि के सहयोग से कॉमन योग प्रोटोकॉल करवाया व लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले एडीसी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी योग साधक/योग अभ्यर्थी 21 जून को सुबह 5 बजे जिला फतेहाबाद में संबंधित स्थानों पर पहुंच जाये। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को योगयुक्त नशामुक्त हरियाणा की शपथ भी दिलाई गई।



**सिरसा।** शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित फाइनल रिहर्सल में भाग लेते स्कूली बच्चे, खिलाड़ी व अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस आज सभी तैयारियां मुकम्मल

- राज्यसभा सांसद किरण चौधरी होंगी मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिलाभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा में जहां जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, वहीं उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुबह छह बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम शुरू होगा जिसमें राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी मुख्य अतिथि होंगी, जबकि अनाज मंडी डबवाली में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा तथा अनाज मंडी रानिया में होने वाले आयोजन में चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों ऐलनाबाद में पंचमुखी चैक के पास अनाज मंडी, जिसमें एसडीएम ऐलनाबाद, अनाज मंडी कालांवाली जिसमें एसडीएम कालांवाली, अनाज मंडी बडागुढा, जिसमें सीटीएम यश मलिक तथा अनाज मंडी नाथुसरी चैपटा में तहसीलदार भुवनेश कुमार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

**रिहर्सल की**

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद डॉ. सुभाष चंद्र ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। फाइनल रिहर्सल में स्कूली बच्चों, खिलाडियों, आमजन, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ-चढकर भाग लिया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की पद्धति है, हर व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जरूर भाग लें।

## योग जीवन जीने की कला : सुभाष

- ओमेन ध्यान एवं योग संस्थान द्वारा एवीएम स्कूल नाढोड़ी में विशेष योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** गांव नाढोड़ी में आयोजित शिविर में योगाभ्यास करते सांसद सुभाष बराला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

एवीएम स्कूल, नाढोड़ी में ओमेन ध्यान एवं योग संस्थान के तत्वावधान में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और सभी के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि योग केवल व्यायाम भर नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक ऐसी कला है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलन और ऊर्जा के सूत्र में पिरोती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा तनाव, चिंता और रोगों से मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं पहल के परिणामस्वरूप आज योग को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान मिली है। आज विश्व के सैकड़ों देश न केवल योग को स्वीकार कर रहे हैं, बल्कि इसे अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए अपनाकर भारत की इस प्राचीन एवं दिव्य परंपरा से लाभान्वित हो रहे हैं। यह भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ओमेन योगी, आत्मा राम बिश्नोई, विनोद खीचड़, विनोद टिब्बी, मदन, जिले सिंह, मंजीत जांडली, गुलाब शर्मा आदि रहे।

### सभी मंडलों में योग दिवस मनाया जाएगा

**फतेहाबाद।** भाजपा द्वारा 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम के उपरांत 23 जून को जनसंघ संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस पूरे जिले में बूथ स्तर पर बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। 25 जून को देश में हुई आपातकाल की घोषणा 50 वर्ष पूर्ण होने पर इस दिन को भाजपा इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी। इसके अलावा 29 जून को सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा जिलेभर में पौधा रोपण भी किया जाएगा।

## इग्नू अध्ययन केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अमित कुमार जैन ने राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान डॉ. अमित कुमार ने स्टडी सेंटर की विभिन्न शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अध्ययन केंद्र पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति, रिकॉर्ड संधारण, स्टाफ की कार्यप्रणाली एवं केंद्र की आधारभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय केंद्र पर उपस्थित स्टाफ के साथ उन्होंने असाइनमेंट जमा करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. जैन ने निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों से असाइनमेंट निर्धारित समय सीमा में प्राप्त किए जाएं और उन्हें समय पर मूल्यांकन के लिए संबंधित मूल्यांकनकर्ताओं को भेजा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि असाइनमेंट प्राप्ति की जानकारी पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट की जाए और पारदर्शिता बनाए रखी जाए। डॉ. जैन ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सूचना पट्ट पर असाइनमेंट संबंधित आवश्यक निर्देश स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने पर बल दिया। इस मौके पर उनके साथ केंद्र के समन्वयक डॉ. विक्रमजीत सिंह, सहायक समन्वयक डॉ. सतपाल, सहायक ललित कुमार, बलजीत सिंह, रितु रानी, प्रोमिला रानी व सूरत सिंह आदि मौजूद थे।



**सिरसा।** डॉ. अमित कुमार का स्वागत करते केंद्र के कोर्डिनेटर डा. विक्रमजीत सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## वर्क फ्रॉम होम के नाम पर की जा रही ठगी को लेकर प्रशासन अलर्ट

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर हो रही साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए आमजन को जागरूक करने हेतु एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी आजकल घर बैठे काम देने के नाम पर खासतौर पर महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। पढ़े-लिखे और जागरूक समझे जाने वाले लोग भी इनके जाल में फंस रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठग महिलाओं को आकर्षक कमाई के झांसे में लेकर छोटे-छोटे टास्क जैसे एक क्लिक करो और 50 रुपये कमाओ, जैसी स्कीमें दिखाते हैं। शुरुआत में खाते में कुछ राशि भेजकर विश्वास दिलाया जाता है, फिर धीरे-धीरे लालच देकर बड़ी रकम निवेश करवाई जाती है। स्क्रीन पर नकली स्कोर दिखाकर यूजर को भ्रमित किया जाता है और फिर गलती या स्कोर खत्म होने का बहाना बनाकर और पैसे डालने के लिए उकसाया जाता है। इस प्रक्रिया में पीड़ित अपनी गाढ़ी कमाई खो बैठते हैं। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि कई महिलाएं, जिनके साथ ठगी होती है, वह यह बात परिवार या पति से छिपा लेती हैं, जिससे समय पर मदद नहीं मिल पाती। एसपी ने आमजन से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी लालच में न आएं।



एसपी सिद्धांत जैन

## शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जेके ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से स्थानीय इंडो अमेरिकन मोंटेसरी प्री स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि स्वर्गीय हरिशंकर सिंघानिया के 92वें जन्मदिवस पर आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में 21 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। सामान्य अस्पताल सिरसा के रक्तबैंक की टीम डा. समता, रक्तसंचार अधिकारी औम प्रकाश, लैब टैक्नीशियन द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का काम है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक तीन माह के पश्चात रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता हैं। शिविर में नीतीश भर्थवाल, तरसेम गोयल, रोहताश जोशी, यशपाल गांधी तथा मनीप सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



**सिरसा।** शिविर में रक्तदान करते रक्तदानी। फोटो : हरिभूमि

## सभी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करें अधिकारी: उपायुक्त

- अबतक प्राप्त 6129 शिकायतों में से 5177 का समाधान किया जा चुका है

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आ रही जन शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता से समाधान करें। उपायुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है, इसलिए अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतें हर रोज समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध निवारण करें। उपायुक्त ने कहा कि शिविरों में आई जो भी शिकायतें लंबित है उनका जल्द से जल्द निपटान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने शिविर में आई शिकायतों के निपटान, लंबित व रिजेक्शन की समीक्षा की। शिकायतों से संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए शिकायतों के समाधान की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अबतक प्राप्त 6129 शिकायतों में से 5177 का समाधान किया जा चुका है तथा 405 शिकायतें रिजेक्ट की जा चुकी हैं। जबकि 141 रिओपन की गई है।

## आईटीआई में दाखिला लेने की तिथि बढ़ी, 27 तक आवदेन

- इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी अब 27 जून तक विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण करवा सकते हैं।

**फतेहाबाद।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के अधीन जिला में चल रहे राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 के लिए दाखिला तिथि को बढ़ाया गया है। दाखिला लेने के इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी अब 27 जून तक विभागीय वेबसाईट पर पंजीकरण करवा सकते हैं। राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा के प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा में वूड वर्क टैक्निशयन (कारपेंटर), कम्पयूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग अस्सिटेंट, ड्रॉफ्समैंन सिविल, ड्रेस मेकिंग, विद्युतकार, फिटर, मशीनिष्ट, आर एंड एसी, एमएएम, एमसीईए, मकैनिक डीजल इंजन, पेंटर जनरल, पलंबर, सिविंग टैक्नोलॉजी, स्टैनोग्राफर हिन्दी, वैल्डर व वायरमैन व्यवसायों में निर्धारित सीटों पर दाखिला ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त इस वर्ष राजकीय आईटीआई भोडिया खेड़ा में सोलर टैक्निशियन (इलेक्ट्रिकल) व राजकीय आईटीआई भिरडाना में ड्रोन पायलेट (जूनियर) नये व्यवसाय चलाया गया हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन दाखिला पंजीकरण हेतू राजकीय आईटीआई भोडिया खेड़ा में हेल्प डेस्क बनाया गया है।

**दी जानकारी** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में भारत ने रचा विकास का नया इतिहास

# ग्यारह वर्षों में सशक्त नारी, समर्थ युवा और समृद्ध किसान का निर्माण : सुभाष बराला

पीएम के प्रयासों से भारत की प्राचीन योग परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिली है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, विश्वास और व्यापक परिवर्तन की अभूतपूर्व यात्रा तय की है। राज्यसभा सांसद ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जाखल मंडी में 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित किया। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि आज भारत तेजी से आत्मनिर्भरता, तकनीकी नवाचार, सामाजिक न्याय और वैश्विक प्रतिष्ठा की ओर अग्रसर है। यह केवल सरकार की योजनाओं की सूची नहीं, बल्कि हर वर्ग के व्यक्ति को अधिकार, अवसर और आत्मगौरव प्रदान करने की गाथा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की प्राचीन योग परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिली है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में स्वीकार करना भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। आज सैंकड़ों देश योग को अपनाकर स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ भारत की अध्यात्मिक विरासत से जुड़ रहे हैं। महिला सशक्तिकरण संसद एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की गई। लखपति दीदी योजना के माध्यम से लाखों महिलाएं स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनी हैं।



**जाखल।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

**योजनाओं की दी जानकारी**

अटल कैंटीन जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मात्र 10 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रही हैं। शिक्षा में प्रोत्साहन और डिजिटल सशक्तिकरण ने महिलाओं को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। स्टार्ट अप इंडिया और स्किल इंडिया अभियानों ने करोड़ों युवाओं को नवाचार, रोजगार और नेतृत्व के अवसर प्रदान किए हैं। स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना, शौचालय निर्माण और उज्ज्वला योजना जैसे कार्यक्रमों ने गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाया है। केंद्र व प्रदेश में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत आज गरीब का बच्चा भी योग्यता के आधार पर सरकारी सेवाओं में चयनित हो रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा, सुरेंद्र मित्तल, शिवकुमार, अरुण गुप्ता, मुकेश मौर्य, महेश, बसंत, हरमेश शर्मा, जाखल मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मेहंदीपुर बालाजी के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद से सोनू भगत की अगुवाई में श्रद्धालुओं का एक जत्था राजस्थान के प्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के लिए रवाना होगा। यह धार्मिक यात्रा भक्तों के लिए आस्था और भक्ति का एक महत्वपूर्ण अवसर है। सोनू भगत ने बताया कि इस यात्रा में फतेहाबाद और आसपास के क्षेत्रों से कई श्रद्धालु शामिल होंगे। जत्थे की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और सभी भक्त उत्साह के साथ मेंहदीपुर बालाजी के दर्शन के लिए तैयार हैं। यात्रा के दौरान सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर, हनुमान जी के इस पवित्र स्थल पर, भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होने की मान्यता है।

### बाइक सवार युवकों ने महिला से छीना पर्स

**सिरसा।** सिरसा पुलिस की तमाम चौकसी और नाकेबंदी को चकमा देकर बाइक सवार अज्ञात युवकों द्वारा प्रीतनगर की गली नंबर 12 में छीनाझपटी की वारदात को अंजाम दिया गया। मोटरसाइकिल सवार युवक महिला से पर्स छीनकर फरार हो गए। घटना वीरवार रात्रि 9 बजे की बताई जाती है। शहर सिरसा पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। प्रीतनगर की गलीनंबर 12 निवासी नमिता पत्नी संजय कुमार की ओर से पुलिस में दी गई शिकायत में बताया कि वह रात्रि 9 बजे अपनी स्कूटी पर अपनी दुकान से घर लौट रही थी। जब वह घर के बाहर रूकी, तभी बाइक पर आए दो युवकों ने उसका पर्स छीन लिया और फरार हो गए। उसके पर्स में 700 रुपये और मोबाइल फोन था। उसका फोन कुछ दूरी पर पड़ा मिला। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 304 2 के तहत मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### सहारनी में घर से मोबाइल व नगदी चोरी

**सिरसा।** सदर सिरसा पुलिस ने गांव सहारनी निवासी संजीव कुमार पुत्र प्रेमचंद की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। संजीव कुमार ने बताया कि 18 जून की रात्रि को वह अपने परिवार सहित सो रहा था। रात्रि लगभग 3 बजे उसकी नींद खुली तो उसने स्वयं को कमरे में लॉक पाया। उसने दूसरी चाबी से अपना कमरा खोला तो दूसरे कमरे में सामान बिखरा हुआ पाया। अज्ञात व्यक्ति उसका व उसके पिता का मोबइल फोन व पर्स चुरा ले गया। पर्स में 5 हजार रुपये की नगदी और जरूरी कागजात थे। उसके कागजात तो पशुओं के नोहरे के पास मिल गए। उसने रात्रि में ही डॉयल 112 पर चोरी बारे सूचित किया।

### परशुराम धर्मशाला में नेत्र जांच शिविर आज

**सिरसा।** भगवान श्री परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला में स्व. ललिता देवी सिंगला की याद में बृजमोहन सिंगला द्वारा बाबा बिहारी नेत्रालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन आगामी 21 जून को लगाया जाएगा। सचिव शेखर महिपाल ने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. नीरू गिजवानी अपनी टीम के साथ मरीजों की आंखों की सभी प्रकार की जांच करेंगी। शिविर में आने वाले लोगों को दवाइयां भी जरूरत अनुसार निःशुल्क दी जाएगी, वहीं आप्रेशन के लिए चयनित मरीजों के आप्रेशन भी बाबा बिहारी नेत्रालय में निःशुल्क किए जाएंगे।

### सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**फतेहाबाद।** अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उपमंडलाधीश राजेश कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ सभी मामलों पर गहनता से विचार विमर्श किया। उन्होंने उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को पीड़ित परिवार को मिलने वाली आर्थिक सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आपसी तालमेल से अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों पर गंभीरता से कार्यवाई करें।

पुलिस ने आरोपी सतिंदर को गिरफ्तार किया, चल रही पूछताछ

# वीजा दिलाने के नाम पर करता था ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वीजा दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक कबूतरबाज को फतेहाबाद पुलिस के इकोनॉमिक सेल ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतिंदर उर्फ साहिल पुत्र रामदास निवासी कपिल विहार कॉलोनी, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश हाल निवासी जयपुरिया अपार्टमेंट, गाजियाबाद, यूपी के रूप में हुई है। इकोनॉमिक सेल के प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि 18 मार्च को अनिल कुमार पुत्र लक्ष्मण दास निवासी आकावाली तथा नवीन पुत्र दलीप सिंह निवासी भोडिया खेड़ा द्वारा एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी सतिंदर और उसके सहयोगी चंदन व एक अन्य स्थानीय व्यक्ति ने यूके वीजा दिलाने के नाम पर 37 लाख 80 हजार की ठगी की। शिकायतकर्ताओं ने अपने चार रिश्तेदारों के वीजा के लिए प्रति व्यक्ति 20 लाख की दर से बातचीत की थी। तय हुआ था कि आधी राशि वीजा से पहले तथा शेष वीजा लगने के बाद दी जाएगी। आरोपी को तीन बार अलग-अलग स्थानों पर नकद भुगतान किया गया पहली बार बड़ोपल नहर के पास 8.50 लाख, दूसरी बार अमरीक होटल, फतेहाबाद पर 10 लाख तथा तीसरी बार बाबा होटल, हिसार रोड पर 12.80 लाख रुपये दिए गए। इसके अतिरिक्त लगभग 6 लाख की राशि बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। आरोपी ने केवल एक पासपोर्ट लिया, जिसे बिना वीजा लगाए वापस लौटा दिया गया। इसके बाद वह तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए वीजा प्रक्रिया दोबारा शुरू करने की बात करता रहा, लेकिन पैसा लौटाने से बचता रहा। जब शिकायतकर्ताओं ने बार-बार संपर्क किया तो आरोपी ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया और कहा कि हमारा धंधा ही कबूतरबाजी का है, जो करना है कर लो। आरोपी ने लगभग आठ महीनों तक पीड़ितों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, कॉल उठाने से बचता रहा और केवल व्हाट्सएप अथवा टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से ही जवाब देता रहा। इस ठगी के कारण शिकायतकर्ताओं के पारिवारिक संबंधों में तनाव उत्पन्न हुआ और सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी असर पड़ा।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी युवक। फोटो : हरिभूमि

### मेडिकल स्टोर संचालक को नोटिस

*डबवाली। सीआईए डबवाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव अलीकां में एक मेडिकल स्टोर पर ड्रग विभाग के साथ संयुक्त छापा मार कार्रवाई की। टीम ने मेडिकल स्टोर से नशे में प्रयोग होने वाली गोलियां बरामद की हैं। जिस पर मेडिकल स्टोर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। शुक्रवार को सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गांव अलीकां के एक मेडिकल स्टोर पर नशे में प्रयोग होने वाली गोलियां बेची जा रही है। जिस पर पुलिस ने ड्रग विभाग के साथ संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम को मेडिकल स्टोर से नशे में प्रयोग होने वाली 220 नशीली गोलियां मिली, जिस पर मेडिकल स्टोर संचालक से बिल मांगा गया लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।*



सिरसा। मेडिकल स्टोर पर जांच करती टीम।

## ट्रेडिंग में प्रॉफिट कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने महिला से 1.23 लाख ठगे

**फतेहाबाद।** ट्रेडिंग में प्रॉफिट कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने भट्टू क्षेत्र की एक महिला से 1 लाख 23 हजार रुपये हड़प लिए। जब महिला को अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने शुक्रवार को धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में भट्टू क्षेत्र के गांव गदली निवासी सरोज रानी पत्नी कश्मीरी लाल ने कहा है कि 3 जून को उसने टेलीग्राम पर बिट कॉइन फोरेक्स ट्रेडिंग कम्पनी की ऐड देखी, जिसमें बताया गया था कि उनकी साइट के माध्यम से ट्रेडिंग करके अच्छा प्रॉफिट कमाया जा सकता है। इस पर उसने दिए गए लिंक पर क्लिक किया तो व्हाट्सएप नंबर पर। उसने उसे बताया कि उसे ट्रेडिंग के लिए रुपये जमा कराने होंगे। इस पर उसने एक यूपीआई आईडी जोकि अनु शर्मा के नपाम से थी, भेजकर रुपये डालने को कहा। इसके बाद उसने उक्त यूपीआई आईडी पर 7829 रुपये भेज दिए। इसके बाद उससे अलग-अलग ट्रांजेक्शन से 1 लाख 23 हजार 440 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। उसके बाद उसे बताया कि उसको 24 घंटे में प्रॉफिट मिल जाएगा लेकिन 24 घंटे बाद भी उसे कोई जवाब नहीं मिला तो उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला। इस पर उसने तुरंत इस बारे 1930 नंबर पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में अब साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला पुलिस ने सीमा पर की सख्त नाकाबंदी, वाहन जांचे

**फतेहाबाद।** जिले में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिला भर में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले से बाहर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों, विशेषकर पंजाब एवं राजस्थान की सीमाओं, तथा अन्य जिलों की ओर जाने वाले रास्तों पर सघन नाकाबंदी की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा जिले की सीमाओं पर वाहनों की गहन जांच की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। नाकाबंदी के तहत पुलिस टीमों ने वाहन चालकों की पहचान, दस्तावेजों की जांच, तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखी। एसपी ने बताया कि यह अभियान अपराधियों की आवाजाही पर रोक, अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों की तस्करी, और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जिले की कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इस प्रकार की नाकाबंदी आगे भी समय-समय पर जारी रहेगी। इस अभियान के दौरान फतेहाबाद-पंजाब, फतेहाबाद-राजस्थान एवं अन्य सीमावर्ती मार्गों पर नाके स्थापित किए गए। सभी वाहनों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी की निगरानी की। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 88140-11741 या डायल 112 या नजदीकी थाना पर सूचना दें।



फतेहाबाद। नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मचारी।

### बीमा पॉलिसी के लाभ देने के नाम पर रेहड़ी चालक से ठगी, केस

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने रतिया में आइसक्रीम की रेहड़ी लगाने वाले से हजारों रुपये हड़प लिए। ठगों ने उसे बीमा पॉलिसी के लाभ देने के नाम पर बातों में उलझाकर 20 हजार 500 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। अब इस मामले में शुक्रवार को रतिया पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज किया है।पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के भिलवाडा निवासी हेमराज ने कहा है कि वह अब रतिया की टिब्बा कालोनी में रहता है और बस स्टैण्ड के सामने आइसक्रीम की रेहड़ी लगाता है। अगस्त 2024 में उसके मोबाइल पर अज्ञात युवती ने कॉल की और कहा कि वह इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस से बोल रही है। उसके बैंक ऑफ बड़ौदा की बीमा पॉलिसी की पैमेंट किसी ओर के खाते में जा रही है जिससे उसे नुकसान हो रहा है। अगर वह बीता के लाभ अपने बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में करवाना चाहता है तो वह उसकी शिकायत दर्ज कर देगी जिससे बीमा के लाभ की पैमेंट उसके खाते में आ जाएगी। उसके पास 12 घंटे के अंदर हैड ऑफिस से कॉल आएगीऔर वह आपको पूरा प्रोसेस बताएंगे। हेमराज ने कहा कि इसके 3-4 घंटे बाद दोबारा उसके नंबर पर फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि बीमा पॉलिसी के लाभ के लिए उसको नया खाता खोलना पड़ेगा। इसके लिए उसे 20 हजार 500 रुपये की फीस देनी होगी और यह फीस किसी अन्य खाते से देनी होगी। इसके बाद बीमा पॉलिसी का लाभ 24 घंटे में उसके खाते में आ जाएगा।

*निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में चला अभियान*

## महिला पुलिस टीम ने डायल 112 व साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस की महिला कर्मचारियों द्वारा निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत फतेहाबाद क्षेत्र में आमजन को डायल 112 सेवा, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम तथा साइबर फ्रॉड से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने बाजार, सार्वजनिक स्थलों और स्कूल-कॉलेज के आसपास लोगों से सीधा संवाद करते हुए बताया कि डायल 112 एक त्वरित आपातकालीन सेवा है, जिसके माध्यम से आमजन पुलिस, एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की सहायता शीघ्रता से प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से महिलाएं अपने यात्रा की जानकारी पुलिस को साझा कर सकती हैं, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह प्रणाली विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए कारगर है।



फतेहाबाद। लोगों को जागरूक करते महिला पुलिस टीम कर्मचारी।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से तरक्की कर रहा देश*

## संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत बीजेपी नागपुर मंडल की बैठक, योजनाओं को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत भाजपा नागपुर मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संदीप तनेजा ने की। बैठक में मुख्यअतिथि के तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता इन्द्र गावड़ी व नरेश तनेजा टीटू ने भाग लिया। भाजपा नेता इन्द्र गावड़ी व नरेश तनेजा टीटू ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष विकासात्मक, जनकल्याणकारी और राष्ट्रहितकारी रहे हैं। आत्मनिर्भरता, सुरक्षा, स्वच्छता, तकनीकी नवाचार और वैश्विक सम्मान के नए आयाम गढ़े हैं और 'संकल्प से सिद्धि' की ओर कदम बढ़ाया है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पद पर आगे बढ़ रहा है। भाजपा सरकार में हर वर्ग खुशहाल और आत्म निर्भर बन रहा है। उन्होंने मंडल के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पीएम नरेन्द्र मोदी व भाजपा सरकार की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में सक्रियता से भाग लें। इस अवसर पर निर्मल धालीवाल, विजय अरोड़ा बिराबदी, पूर्ण कम्बोज, प्रवीण जिला पार्षद, सरपंच प्रतिनिधि संजीव कम्बोज, अजैब सिंह, दीदार सिंह, डा. मंगा कम्बोज, सुरजीत इंसां, राकेश कम्बोज, महावीर, बलवीर सिंह सहित नागपुर मंडल के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रतिया। नागपुर मंडल की बैठक में अतिथियों का स्वागत करते मंडल अध्यक्ष।

### नशे के खिलाफ अभियान जारी सेमिनार में किया जागरूक



फतेहाबाद। नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करते एसआई सुंदर मुसाफिर।

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार व एसआई सुंदर मुसाफिर के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा जिलेभर में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज रतिया में पब्लिक लाइब्रेरी और एक कंप्यूटर सेंटर में विशेष सेमिनार आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेमिनार के दौरान टीम ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव, सामाजिक व मानसिक नुकसान और शारीरिक क्षति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित सभी विद्यार्थियों को ई-शपथ दिलाई गई कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवेश को भी जागरूक करेंगे। इसके अतिरिक्त टोहाना के गांव रसूलपुर में 5 नशा पीड़ितों सहित कुल 8 ड्रग प्रभावित व्यक्तियों की पहचान की गई।

*भट्टू में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन*

## स्कूलों में बुनियादी कौशल पर समझ बनाकर विद्यार्थियों को बनाए निपुण : संगीता बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

निपुण हरियाणा मिशन के तहत खंड भट्टूकलां के प्राथमिक शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी बलवान सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में खण्ड भट्टूकलां और यहां से अन्य खण्डों में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया और एफएलएन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कौशल और रणनीतियां सीखीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एफएलएन पर विशेष जोर देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य शिक्षकों को बच्चों में प्रारंभिक साक्षरता और संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए प्रभावी शिक्षण विधियों, सामग्रियों और मूल्यांकन तकनीकों से लैस करना था। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे नए शैक्षणिक सत्र में प्रयोग होने वाले लर्निंग मैटीरियल, शिक्षण अधिगम सामग्रियों, मौखिक भाषा विकास जागरूकता और शब्द पहचान डिकोडिंग, धाराप्रवाह पढना और समझ, बुनियादी संख्या अवधारणाएँ और इंग्लिश विषय की मूलभूत शैक्षणिक दक्षताओं जैसी मूलभूत अवधारणाओं को मजबूत किया। इसी के साथ समस्या-समाधान कौशल, खेल-आधारित शिक्षण, बहु-स्तरीय शिक्षण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षा के आधार को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्हें विश्वास है कि शिक्षक इस प्रशिक्षण में सीखे गए ज्ञान और कौशल का उपयोग कर हमारे बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



भट्टूकलां। समापन पर शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए डीईओ। फोटो : हरिभूमि

### रतिया पुलिस ने अवैध पिस्तौल सहित एक आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** अवैध हथियारों की तस्करी और उनके रख-रखाव पर प्रभावी कार्रवाई के तहत शहर रतिया पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गगनदीप उर्फ नाग, पुत्र रामा सिंह, निवासी गांव नथवान के रूप में हुई है। थाना सिटी रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत ने बताया कि एएसआई महेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम टोहाना रोड टी-प्वाइंट रतिया पर गश्त कर रही थी। इस दौरान सामने से एक युवक आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर अचानक तेज कदमों से मुडक़र लौटने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने युवक को रोककर पूछताछ की, तो उसने अपना नाम गगनदीप उर्फ नाग बताया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल 315 बोर बरामद हुई।

**नुकसान** — देर शाम माइनर की दरार को भरा गया, जलभराव से किसानों को नुकसान

# ढाणी ठोबा में माइनर टूटने से 150 एकड़ फसल जलमग्न



फतेहाबाद। नहर टूटने से खेतों में बहता पानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के गांव मल्लड़ और ढाणी ठोबा के बीच से गुजरने वाली मुंशीवाली नहर में तीन जगह दरार आ गई। नहर टूटने की सूचना मिलते ही किसानों में हडकंप मच गया और काफी संख्या में किसान मौके पर पहुंच गए। इस बारे सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से नहर में आई दरारों को भरने का काम शुरू करवाया। नहर टूटने से करीब 150 एकड़ खेत जलमग्न हो गए। देर शाम को नहर में आई दरार को भर दिया गया।

मौके पर पहुंचे ग्रामीण सुरेश कुमार, राजेश कुमार, रवि कुमार, रामस्वरूप, शंकर लाल, सुंदर, रामफल आदि ने बताया कि यह पिछले करीब तीन महीनों से बंद थी। साइफन बनाने के कारण पानी सप्लाई बंद की हुई थी। तीन महीने के बाद दो दिन पहले बुधवार को ही इस नहर में पानी छोड़ा गया था। पानी छोडऩे के अगले दिन ही रात में नहर टूट गई है। किसानों ने कहा कि दो माह नहर बंदी के दौरान सिंचाई विभाग को माइनर की सफाई करवाने व तटबंदो को मजबूत करने के बारे में कहा गया था, लेकिन विभाग ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की। इससे माइनर टूट गई। जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा।

### ये बोले अधिकारी

*वहीं धान की रोपाई में देरी होगी। अधिकारियों ने जहां नहर टूटी, वहां काम शुरू करवाया तो पीछे दो जगह से और टूट गई। इसका कारण लगातार किसानों के खेतों में पानी जाता रहा। सिंचाई विभाग ने नहर को पाटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की है। सिंचाई विभाग के एक्सईएन एनके भोला का कहना है कि मुंशीवाली नहर टूटने की खबर मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी। नहर में आई दरार को जेसीबी की मदद से पाटने का काम शुरू कर दिया गया था। शुक्रवार शाम तक सभी दरारें को भर दिया गया है।*

### हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**चोपटा।** पुलिस ने गांव रूपावास में हुई एक व्यक्ति की हत्या मामले में तीन आरोपियों को चोपटा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार नाथूसरी चोपटा पुलिस थाना प्रभारी राजेंद्र कमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान जसवंत सिंह, सुदेश व तुलसी राम के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गांव रूपावास निवासी राधेश्याम की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना की जांच करते हुए आज महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को चोपटा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और पूछताछ के दौरान वारदात में प्रयुक्त शस्त्र व वाहन भी बरामद किए जाएंगे।